**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 4036**
**गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नवीनीकरण

**4036. श्री मनीश तिवारीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2015 में नए अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल के खुलने से पहले, वर्ष 2010-14 के बीच पुराने चंडीगढ़ हवाई अड्डे के टर्मिनल के पुनर्निर्माण/नवीनीकरण/पुनर्सज्जा/नए सिरे से निर्माण पर सरकार द्वारा कुल कितना व्यय किया गया;

(ख) क्या यह सच है कि व्यापक रूप से पुनर्निर्मित पुराना टर्मिनल सितंबर 2015 में नए टर्मिनल के उद्घाटन के बाद से आव्रजन काउंटर और सीमा शुल्क अवसंरचना जैसी सुविधाओं के बावजूद लगभग परित्यक्त पड़ा हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) 9 वर्ष पहले बंद किए जाने के बाद से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अनुपयोगी पुराने टर्मिनल के रखरखाव पर हर महीने कितनी धनराशि खर्च की जा रही है;

(घ) क्या सरकार के पास पुराने चंडीगढ़ हवाई अड्डा टर्मिनल को फिर से चालू करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या समय-सीमा तय की गई है; और

(ङ) यदि नहीं, तो पुनर्निर्मित अवसंरचना को बेकार रखकर सार्वजनिक संसाधनों की बर्बादी जारी रखने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) द्वारा वर्ष 2010-2014 के बीच पुराने चंडीगढ़ हवाईअड्डे के टर्मिनल के पुनर्निर्माण/नवीनीकरण/पुनर्सज्जा/नए सिरे से निर्माण पर कुल मिलाकर 43.86 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं।

(ख) : चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल पर परिचालन आरंभ होने के साथ, पुराने टर्मिनल भवन को विभिन्न प्रयोजनों के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है जैसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की संचार, दिक्चालन और निगरानी (सीएनएस) सुविधाओं के उपयोग, इलेक्ट्रिकल, सिविल, वित्त, मानव संसाधन और अन्य प्रशासनिक उपयोगों हेतु। इसके अतिरिक्त, मेसर्स एनएसडीसी द्वारा संचालित मल्टी एविएशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, फरवरी 2018 से दिसंबर 2022 के दौरान पुराने टर्मिनल से प्रचालित किया गया है।

(ग) : वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2023-24 तक पुराने चंडीगढ़ हवाईअड्डे के टर्मिनल के अनुरक्षण पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा किया गया औसत मासिक व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| वित्त वर्ष | औसत मासिक व्यय (लाख रुपए में) |
|---|---|
| 2015-16 | 12.92 |
| 2016-17 | 12.42 |
| 2017-18 | 11.92 |
| 2018-19 | 12.58 |
| 2019-20 | 10.42 |
| 2020-21 | 4.92 |
| 2021-22 | 5.08 |
| 2022-23 | 4.83 |
| 2023-2024 | 7.00 |

(घ) और (ङ): जैसा कि भाग (ख) के उत्तर में उल्लेख किया गया है, चूंकि चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर पुराने टर्मिनल भवन को विभिन्न कार्यों के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है, वर्तमान में, पुराने टर्मिनल को यात्री आवागमन के लिए प्रचालित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******